श्री बंशीधर नगर, सोमवार
24.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष एकादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 180

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:23 बजे
अस्त - 05:55 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 31 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | अपने बच्चों के लिये आप समय निकालें : अशोक >> पेज 03 | विक्की कौशल की 'छावा' का बॉक्स ऑफिस पर तहलका >> पेज 04

**सुविचार**

कभी-कभी अपमानित होने से हम कमजोर नहीं होते, बल्कि हमारी ताकत बढ़ती है

**न्यूज अपडेट्स**

### झारखंड में आज साफ रहेगा मौसम

**रांची।** झारखंड में लगातार मौसम में बदलाव हो रहा है। मौसम विभाग से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में 24 फरवरी को मौसम साफ रहेगा। केवल रांची और आसपास के इलाकों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाने की संभावना है। वहीं पिछले तीन दिनों से राज्य भर में गर्जन के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई। बारिश होने से रांची में तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई। शाम में कनकनी का एहसास हुआ। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 29.4 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री, जबकि जमशेदपुर में 31.6 और 16.6, डालटनगंज में 33.6 और 16.2, बोकारो में 30.1 और 17.1 तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 और न्यूनतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को रांची के डॉ. कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने के. राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद के राजू की मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ पहली भेंट थी।

**चैंपियंस ट्रॉफी** विराट कोहली का ऐतिहासिक शतक, छह विकेट से हारकर पाकिस्तान बाहर

# भारत ने पाकिस्तान को रौंदा



**दुबई।** भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के अहम मुकाबले में पाकिस्तान को आज 6 विकेट से हराकर सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और पाकिस्तान द्वारा दिए गए 242 रनों के लक्ष्य को 42.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ग्रुप ए में भारत पॉइंट्स टेबल में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पाकिस्तान लगभग टूनार्मेंट से बाहर हो गया है। मैन ऑफ द मैच रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 111 गेंदों में नाबाद 100 रन बनाकर टीम को शानदार जीत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित शर्मा (20), शुभमन गिल (46) और श्रेयस अय्यर (56) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। कोहली और अय्यर के बीच 114 रनों की साझेदारी ने जीत की नींव रखी। इससे पहले, बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम को ठोस शुरूआत नहीं मिली। सऊद शकील (62) और मोहम्मद रिजवान (46) ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन जोड़े, लेकिन अन्य बल्लेबाज ज्यादा योगदान नहीं दे सके। बाबर आजम (23), खुशदिल शाह (38) और सलमान आगा (19) ने संघर्ष किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने लगातार झटके देकर पाकिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। वहीं, गेंदबाजी में भी भारतीय टीम ने दम दिखाया। कुलदीप यादव ने 3 विकेट, हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट, जबकि हर्षित राणा और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट लिए। अक्षर ने अपनी गेंदबाजी के अलावा 2 रन आउट भी किए। 2017 का बदला हुआ पूराइस जीत के साथ भारत ने 2017 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पाकिस्तान से मिली हार का बदला ले लिया। साथ ही, यह टूनार्मेंट के इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की तीसरी जीत रही। पाकिस्तान ने भी अब तक भारत के खिलाफ 3 मुकाबले जीते हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ कोहली का रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले में एकदिवसीय क्रिकेट में नया इतिहास रच दिया। अपनी 287वीं पारी में कोहली 14,000 एकदिवसीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले इस ऐतिहासिक आंकड़े से महज 15 रन दूर थे और भारत के 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल किया। कोहली ने नाबाद शतक जड़ते हुए टीम को जीत दिलाई, जो इस प्रारूप में उनका 51वां शतक था। उन्होंने विजयी रन स्पिनर खुशदिल शाह की गेंद पर शानदार कवर ड्राइव चौके के रूप में बनाया और इसी के साथ अपना शतक भी पूरा किया।

### सबसे तेज 14,000 रन

कोहली ने इस रिकॉर्ड तक पहुंचने के लिए महज 14,984 गेंदों का सामना किया, जो सचिन तेंदुलकर (16,292) और कुमार संगकारा (17,789) की तुलना में काफी कम है। इसके अलावा, 14,000 रन बनाने तक उनका औसत 57 से अधिक है, जबकि तेंदुलकर (44.19) और संगकारा (41.73) का औसत 40 के दशक में था।

### हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज

कोहली ने जून 2017 में 8,000 वनडे रन पूरे करने के बाद से हर 1,000 रन का मील का पत्थर सबसे तेज समय में पूरा किया है। अब वह एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान से छलांग लगाकर दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने संगकारा (14,234) को पीछे छोड़ा, जबकि सचिन तेंदुलकर 18,426 रनों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

### वनडे में सबसे ज्यादा शतक

कोहली अब वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने 2023 विश्व कप के दौरान सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इसके साथ ही, वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

### क्षेत्ररक्षण में भी नया रिकॉर्ड

इस मुकाबले में कोहली ने एक और रिकॉर्ड अपने नाम किया। वह भारत के लिए एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच (158) लेने वाले फील्डर बन गए, इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया।

## पेपर लीक मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा : डीजीपी



**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। साथ ही कई अहम डिजिटल साक्ष्य बरामद हुए हैं, इसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मैट्रिक पेपर लीक मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई तेज हो गई है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा से जुड़े पाए गए हैं और कोडरमा से ही कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है, इस पेपर लीक में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। डीजीपी अनुराग ने कहा कि जांच के दौरान झारखंड पुलिस को एक नई बात पता चल रही है कि कुछ लोग इंटरनेट और यूट्यूब पर पुराने प्रश्नपत्र अपलोड कर अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी राज्य के मासूम बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा तो झारखंड पुलिस उसे सलाखों के पीछे भेजेगी।

## रनिया में तीन नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म



**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू गांव से निचितपुर जाने वाले रास्ते में कारो नदी के पास तीन आदिवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। तीन नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को लगभग 12 से अधिक नाबालिग किशोरों ने अंजाम दिया है। लड़कों के चुगुल में फंसी तीनों नाबालिग भागने में सफल रहीं। पुलिस एक दर्जन से अधिक लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित सभी लड़कियां खूंटी की रहने वाली हैं और लोटा पानी (विवाह के पूर्व एक कार्यक्रम) में शामिल होने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के एक घर में गयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पांचो लड़कियां एक साथ घर लौट रही थी। रास्ते में कारो नदी के पास लगभग एक दर्जन से ज्यादा लड़के पीछा करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने पांचो लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और अलग-अलग ग्रुप बनाकर चार लड़कियों को अलग-अलग जगह पर ले गये। तीन लड़कियों ने दुष्कर्म की पुष्टि की है,जबकि एक लड़की का बयान नहीं लिया जा सका है। वह गांव में नहीं थी। घटना के वक्त एक लड़की किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर भाग गयी। वह दौड़कर उलिहातू गांव पहुंची तथा अपने गांव के लड़कों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सभी घटनास्थल पहुंचे। लड़कों को आता देख सभी आरोपित लड़के भाग गये। इसके बाद सभी पीड़ित लड़कियां अपने घर लौटी। लड़कियों ने डर से घटना की जानकारी उस समय घर वालों को नहीं दी। घटना को अंजाम देने वाले लड़कों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर बुरा परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। डरी-सहमी लड़कियों ने शनिवार की रात को घटना की जानकारी परिजनों को दी।

**झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से, बजट तीन को, पक्ष-विपक्ष तैयार, हंगामे के आसार**

# सत्ता पक्ष ने बनायी रणनीति



**रांची।** रांची के श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में रविवार को सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। बैठक में सोमवार से आहूत छठे झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र को शांतिपूर्वक चलाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही सत्र के विपक्ष के हंगामे और विरोध को लेकर भी रणनीति बनाई गई। उल्लेखनीय है कि विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा, जिसकी शुरूआत सोमवार को राज्यसपाल के अभिभाषण से शुरू होगा। सदन में तीन मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर वित्त वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पेश करेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन के अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, विधायक कल्पाना सोरेन, मंत्री रामदास सोरेन, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मंत्री दीपक बिरूवा, मंत्री संजय प्रसाद यादव सहित सत्ता पक्ष के अन्य विधायक मौजूद थे।

## भाजपा विधायक दल की बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की बनी रणनीति



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार देर शाम प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आहुत विधानसभा सत्र के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में सत्ता पक्ष को घेरने की रणनीति तैयार की गयी। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के बाद बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 24 को राज्यपाल का अभिभाषण है। अनुपूरक बजट पर भी चर्चा हुई। पार्टी को क्या करना कैसे करना इसपर विधायकों को कई दिशा-निर्देश दिये गये है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि बैठक में संगठन सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। संगठन और आगे के कार्यक्रम के बारे में बातचीत हुई। इस मौके पर विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार जनादेश का लगातार अपमान कर रही है। सत्ता पाकर राज्य सरकार मस्त हो गई है और जनता परेशान है। हेमंत सरकार एक भी वादे पूरी नहीं कर रही है। भाजपा सदन में सरकार को जनता से किये हुए वादे को पूरा करने के लिए बाध्य करेगी। जायसवाल ने कहा कि अब तो नौकरी की परीक्षा ही केवल भ्रष्टाचार की भेंट नहीं चढ़ी बल्कि दसवीं की परीक्षाएं भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। हेमंत सरकार पेपर लीक की सरकार बन गई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है।बिना पैसे का ब्लॉक , अंचल में कोई काम नहीं हो रहा। विधि व्यवस्था ध्वस्त है। दिन दहाड़े हत्याएं हो रही। जमीन की लूट मची है। उन्होंने कहा कि लाखों नौकरी का वादा कर सत्ता में आई सरकार 100-200नौकरी देकर अपना पीठ थपथपा रही है। बेरोजगारी भत्ता, 450रुपए में सिलिंडर की चर्चा तक नहीं कर रही राज्य सरकार। उन्होंने कहा कि भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सदन में सरकार को घेरेगी। एक सशक्त विपक्ष के रूप में भाजपा जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित विधायक सीपी सिंह, राज सिन्हा, नागेंद्र महतो, नीरा यादव, सत्येंद्र तिवारी, शशि भूषण, मेहता, नवीन जायसवाल, मनोज यादव, अमित यादव, मंजू कुमारी, रागिनी सिंह, पूर्णिमा दास, शत्रुघ्न महतो, प्रदीप प्रसाद, रोशन लाल चौधरी, उज्जवल दास, देवेंद्र कुंवर, प्रकाश राम उपस्थित रहे।

# विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का किया शिलान्यास



**बंशीधर न्यूज**

**विश्रामपुर :** विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने पांडू प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट भवन का शिलान्यास किया। शिलान्यास के बाद वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सबोना के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था सभी के लिये सुलभ व दुरुस्त हो इसके लिये सरकार भी पूरी तरह से गंभीर है। विधायक ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिये डॉक्टर की पदस्थापना की जायेगी। उन्होंने कहा कि जिस स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं हैं वहां पर जल्द ही पदस्थापना होगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र के विकास को लेकर वे काफी गंभीर हैं। विस क्षेत्र के सभी अधूरे विकास कार्यों को जल्द ही पूरा करने की दिशा में पहल शुरू किया जायेगा। क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। जिसके तहत स्वास्थ्य, सड़क, बिजली और सिंचाई योजनाओं पर विशेष रूप से जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा बदहाल सभी सड़क का निमार्ण कार्य कराया जायेगा एवं जो गांव टोला अभी तक मुख्य पथ से नहीं जुड़ पाया है उसे जल्द ही जोड़ा जायेगा। गर्मी के दिनों में पानी की समस्या न हो उसके लिये उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जिस टोले मुहल्ले में पानी की समस्या होगी उसके लिये सर्वे कराकर वहां चापानल लगाया जायेगा। ताकि लोगों को पानी के लिये परेशान न होना पड़े। मौके पर अविनाश सिंह सिंटू, बबलू सिंह, डॉ विरोचित आनंद सिंह, हरिनाथ चंद्रवंशी, मुन्ना सिंह, इरफान अंसारी, शमशेर अंसारी, मुन्नू तिवारी, विजय विश्वकर्मा, विक्रमादित्य पाण्डेय, उदित सिंह, किशोर सिंह, अलकारी सिंह, दीनानाथ प्रसाद, धनंजय ठाकुर, आमोद पाण्डेय, विकास सिंह, बजरंग सिंह, सुदर्शन चंद्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### सड़क दुर्घटना में घायल

**भवनाथपुर :** टाउनशिप मुख्य पथ पर देवी धाम के समीप दो बाइक के आमने-सामने के टकराव में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायक युवक को ग्रामीणों ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लिये भेजा। जहां चिकित्सक एसके सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये गढ़वा रेफर कर दिया। घायल रोहित कुमार पिता केतवारू साह रोहतास जिला के तिलोखार निवासी निवासी है। दूसरे बाईक चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रोहित कुमार श्री बंशीधर नगर से अपने घर तिलोखार जा रहा था कि देवी धाम के पास विपरीत दिशा से आर रहे बाईक ने सामने से टक्कर मार दिया।

### शहर थाना के पास चला वाहन चेकिंग अभियान

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर शहर थाना के पास एसपी रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार रविवार को एएसआई राजेश कुमार के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे ट्रिपल लोड, बिना हेलमेट, बिना कागजात के चलने वाले दो पहिया वाहन को चेक किया गया। कुछ गाड़ियों को जब्त कर थाने में सुरक्षित रखा गया है जिसे चालान के लिये डीटीओ को सौंपा गया है।

**पलामू** ▶ गरीब बंचित लोगों को न्याय की जानकारी होगी सुलभ

# सूबे के 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिट्रेशी क्लब शुरू

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति व झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद द्वारा झालसा रांची से सूबे के 72 डीएवी स्कूल में रविवार को लीगल लिट्रेशी क्लब का ऑन लाईन उदघाटन किया गया। इस मौके पर झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, झालसा के मेंबर सेक्रेटरी रंजना अस्थाना हाईकोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी, डीएवी संस्थान के अधिकारी, शिक्षक, पारा लीगल भोलेन्टियर आदि लोग उपस्थित थे। इसी आलोक में मेदिनीनगर के चियांकी स्थित एमके डीएवी पब्लिक स्कूल मे भी सिविल कोर्ट डालटनगंज के सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा के नेतृत्व में लीगल लिट्रेशी क्लब का शुभारंभ किया गया। उस मौके पर डीएवी स्कूल के शिक्षक व नोडल ऑफिसर लीगल एड क्लिनिक राकेश कुमार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, असिस्टेंट, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, पीएलवी करण थापा, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, डालसा पलामू के असिस्टेंट संजीव कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे। सिविल जज जूनियर डिवीजन अमित आकाश सिन्हा ने कहा कि लीगल लिट्रेशी क्लब के माध्यम से गांव गरीब तक कानून की जानकारी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को क्लब में जो जानकारी दी जायेगी वे अपने आस पड़ोस के लोगों के बीच बताने का काम करेंगे।जिससे अंधविश्वास, कुप्रथा, समाजिक कुरीति पर अंकुश लगेगा। साथ ही लोग अधिकार व कर्तव्य के प्रति सजग होंगे।उन्होंने बताया कि बाल श्रम, बाल विवाह, दहेज प्रतिषेध, कन्या भ्रूण हत्या, ह्यूमैन ट्रेफिकिंग, एनडीपीएस, नशा उन्मूलन, महिला घरेलू हिंसा, पीड़ित प्रतिकर अधिनियम, डालसा से प्रदत सुविधा की जानकारी आदान प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ग नव व 11 के बच्चों को लिट्रेशी क्लब में रखा जायेगा। उन्होंने बताया कि झालसा का यह एक बेहतरीन पहल है। डीएवी के बच्चे अब लोगों मे जागरूकता लाएंगे। सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चा को पेंटिग में राज्य स्तर पर तृतीय पुरस्कार से झालसा में कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा सम्मानित किया गया। बच्चे के जगह सम्प्रेषण गृह के सुप्रिडेंट ने पुरस्कार ग्रहण किया। विदित हो कि उक्त बच्चा को बेहतर पेन्टिग में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

## बहुत हुआ गणेश परिक्रमा अब काम करने वाले को मिलेगा स्थान : बिट्टू पाठक

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने प्रदेश प्रभारी से मुलाकात करने के बाद पत्रकारों को जानकारी दिया कि काम करने वालों को निश्चित रूप से आगे बढ़ाया जायेगा और गणेश परिक्रमा करने वाले गणेश परिक्रमा करते रह जाएंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी के राजू की रांची आगमन पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस मुलाकात के अवसर पर प्रभारी को पलामू में कांग्रेस के संगठन की गतिविधियों सहित केंद्र एवं प्रदेश कांग्रेस द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों के प्रभारी को भी इसकी जानकारी दिया। प्रभारी को कार्यक्रमों का रिपोर्ट समर्पित किया एवं प्रभारी को पलामू जिले में आगमन के लिये अनुरोध किया। जल्द ही पलामू में अपना कार्यक्रम देने का आश्वासन दिया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं और काम करने वाले को पार्टी में उचित और सम्मानजनक प्रतिनिधित्व मिलेगा तथा अनावश्यक भीड़ लगाने वालों को काम करने की नसीहत देते हुये गणेश परिक्रमा से बाज आने की सलाह दी। मौके पर ओम प्रकाश अमन, शमीम अहमद रायन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश सिंह, मिट्ठू खान, सन्नू खान, देवांग शुक्ला, अजय साहू, सतेंद्र सिंह, प्रमोद यादव, रणधीर पासवान इत्यादि लोगों उपस्थित थे।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिर में नाग देवता को ग्रामीण मान रहे दैवीय चमत्कार



**हुसैनाबाद :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा पंचायत सचिवालय के समीप श्री पार्देश्वर महादेव शिव मंदिर में अचानक शनिवार की शाम शिव मूर्ति के बगल में रखे एक कुर्सी पर काला नाग फन फैला कर बैठ गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर नाग देवता को दर्शन के लिये उमड़ पड़ी। ग्रामीण आने वाले महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इस दृश्य को देखकर काफी उत्साहित दिखे, ग्रामीण इसे दैवीय चमत्कार समझकर नाग देवता की पूजा अर्चना शुरू कर दी है। श्रद्धालुओं का मानना है कि महाशिवरात्रि के समय भगवान भोलेनाथ की गले की सिंगार नाग देवता का मंदिर में साक्षात दर्शन देना इस क्षेत्र के शुभ संकेत हैं। पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने बतया की हमलोग पथरा वासी के लिये यह शुभ संकेत है। वहीं महाशिवरात्रि में आसमान से वर्षा और नाग देवता का आना यह दैविक संयोग है। नागराज मंदिर परिसर में जमे हुये हैं और श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे हैं।

### झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के चलते 27 मार्च तक लागू रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा और 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (न्यायालय परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी। राज्य विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (उच्च न्यायालय परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीओ ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलने, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर निकलना या चलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर शाखा का लगा महाकुंभ



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, रांची महानगर की ओर से रविवार को शाखा महाकुंभ का आयोजन धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मैदान में किया गया । सुबह में शाखाएं शुरू हुई और इसके बाद उत्तर पूर्व क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए शताब्दी वर्ष में तय किए गए लक्ष्य की ओर स्वयंसेवकों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने महानगर में संघ कार्य की वृद्धि में सभी स्वयंसेवकों को लगने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि महानगर में कुल 107 शाखाएं तथा 35 मिलन चलती हैं। इनमें से 82 शाखाओं तथा 11 मिलनों का प्रतिनिधित्व इस शाखा महाकुंभ कार्यक्रम में हुआ। 16 नगरों की 156 बस्तियों में से 84 बस्तियों का प्रतिनिधित्व 1000 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ शाखा महाकुंभ में हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र प्रचारक रामनवमी प्रसाद के साथ धनबाद निवासी झारखंड के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, महानगर संघचालक पवन मंत्री, सह संघचालक शशिकांत सहित नगर, महानगर, विभाग, प्रांत, क्षेत्र स्तर के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पलामू के पुलिस स्टेडियम में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नमिंट का मुकाबला

# रेलवे दिल्ली टीम ने झारखंड पलामू फुटबॉल क्लब टीम को 1-0 से हराया

**बंशीधर न्यूज**



**मेदिनीनगर :** वीर शहीदों की पावन स्मृति में पलामू के पुलिस स्टेडियम में आयोजित अंतर्राज्यीय फुटबॉल टूनामेंट का फाईनल मैच रविवार को खेला गया। इस दौरान झारखंड के पलामू व दिल्ली टीम के बीच शानदार मुकाबला हुआ। टूनामेंट का आयोजन पलामू पुलिस एवं पलामू फुटबॉल आयोजन समिति ने किया। राष्ट्रगान के बाद मैच शुरू हुआ। अंतर राज्यीय फुटबॉल टूनामेंट फाईनल मैच में रेलवे दिल्ली टीम ने 1-0 से झारखंड पलामू फुटबॉल क्लब टीम से विजयी रहा। टूनामेंट के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, आयोजन समिति के अध्यक्ष सह पलामू एसपी रीष्मा रमेशन, एसीबी के एसपी अंजनी अंजन, निगम के पूर्व डिप्टी मेयर राकेश सिंह उर्फ मंगल सिंह, नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। आयोजन समिति ने अतिथियों को बुके व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा टूनामेंट को सफल बनाने में सक्रिय आयोजन समिति के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। टूनामेंट के इस रोमांचक मुकाबले में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। फाईनल मैच देखने के लिये दर्शकों की भीड़ लगी थी और पुलिस स्टेडियम का पवेलियन खचाखच भरा हुआ था। पुरुषों के अलावा महिलाओं और युवाओं ने भी पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। दर्शकों ने खेल का भरपूर आनंद उठाया। खेल प्रदर्शन के दौरान झारखंड टीम ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। मध्यांतर से पूर्व दोनों टीम बराबरी पर रही और किसी भी टीम के खिलाड़ी ने गोल नहीं कर सका। मध्यांतर के बाद दिल्ली टीम के खिलाड़ी ने एक गोल किया। झारखंड टीम के खिलाड़ियों ने मैच को बराबरी पर लाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सका। आयोजन समिति ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद पुरस्कार दिया। मौके पर अभियान एएसपी राकेश सिंह, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजेश यादव, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन, पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार, प्रभारी सार्जेंट मेजर सुरेश राम, आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली,सुशील सिंहा, नरेंद्र सिंह, ज्ञानचंद पांडेय, राजेंद्र सिंहा,अविनाश देव, भाजपा नेता अविनाश वर्मा, ज्योति पांडेय, विभाकर नारायण पांडेय, परशुराम ओझा, संतोष शुक्ला, राजू रंजन पांडेय, सत्येंद्र तिवारी, जेएमएम नेता अभिषेक सिंह, दीपक तिवारी, सनी शुक्ला, सन्नू सिद्दीकी, आलोक वर्मा, प्रसेनजीत दास गुप्ता, मनीष मिश्रा, शिवकुमार मिश्रा, अजित पाठक, प्रसेनजीत दास गुप्ता, संदीप राम, प्रदीप मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्कूली बच्चों के बीच पोषाक व पाठ्य सामग्री का वितरण



**बंशीधर न्यूज**

**रमना :** मध्य विद्यालय सिलीदाग-2 में वर्ग एक एवं दो के बच्चों के बीच विद्यालय पोशाक और पेन-पेन्सिल का वितरण मुखिया अनीता देवी ने किया। विद्यालय के विद्यार्थी पोशाक पाकर बहुत उत्साहित थे। इस मौके पर सहायक अध्यापिका रागनी सिंह, आशुतोष कुमार सिंह, लाल सिंह की पंजी में उपस्थिति थी, लेकिन विद्यालय में उपस्थित नहीं थे। इस सम्बन्ध में मुखिया अनीता देवी ने प्रभारी शिक्षक रवीन्द्र कुमार पाल से पूछा तो उन्होंने बताया कि उक्त अध्यापक विद्यालय में आये थे, लेकिन विद्यालय से कहा चले गये इसकी कोई सूचना नहीं है। तीन शिक्षक नंदकिशोर चौबे, मनोज कुजूर, रेणु सिंह परीक्षा ड्यूटी पर है। मुखिया ने कड़ा एतराज जताया और कहा कि रागनी सिंह, रेनू सिंह, किरण सिंह 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के दिन भी उपस्थित नहीं थी और आज पंजी में उपस्थिति दर्ज शिक्षक का नहीं होना घोर कर्तव्यहीनता का सूचक है। विद्यालय की पहचान ही अनुशासन से है। जब विद्यालय के शिक्षक ही अनुशासनहिन है तो बच्चों को क्या शिक्षा देंगे। मौके पर शिक्षक नंदकिशोर चौबे, रवीन्द्र पाल, सुरेन्द्र राम, मनोज सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष आशुतोष कुमार पासवान, वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार, आईसीटी इंस्ट्रक्टर प्रियदर्शी पासवान उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### जेवर सफाई के दौरान महिला से ठगी

**भवनाथपुर :** थाना क्षेत्र में ठगी का एक मामला सामने आया है, जहां दो अज्ञात लोगों ने गहना सफाई के बहाने एक महिला के कीमती जेवर लेकर फरार हो गये। पीड़ित महिला ढ़ेकुलिया निवासी सपना देवी पति रोहित कुमार ने घटना की शिकायत स्थानीय थाना में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार घटना तब हुई जब दो अज्ञात व्यक्ति सोना-चांदी के जेवरात की सफाई करने के नाम पर ढ़ेकुलिया गांव निवासी सपना देवी के घर पहुंचे। उन्होंने खुद को पेशेवर जौहरी बताया और दावा किया कि वे पारंपरिक विधि से गहनों को नया जैसा चमका सकते हैं। महिला उनके झांसे में आ गई और फूल का लोटा साफ करने के लिये उन्हें दिया तो वे साफ कर के वापस लौटा दिया। इसके बाद सपना ने ठगों को पायल, कान का टॉप और अंगूठी सफाई के लिये दिया तो ठगो ने उन्हें टिफिन में बंद कर 15 मिनट गैस की आंच पर गर्म करने को बोला, जब वह टिफिन गर्म कर के आई तो उक्त दोनों ठग गहने लेकर फरार हो चुके थे। महिला ने ठगी का एहसास होते ही उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी, लेकिन तब तक दोनों ठग काफी दूर निकल चुके थे। इसके बाद महिला ने भवनाथपुर थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ठगों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

**शिक्षा** ब्राईट फ्यूचर स्कूल में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी

# अपने बच्चों के लिये आप समय निकालें : अशोक

### बच्चों के बीच परीक्षाफल वितरित

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** शहर के सोनपुरवा स्थित ब्राईट फ्यूचर स्कूल में रविवार को शिक्षक अभिभावक गोष्टी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अशोक विश्वकर्मा और आगत अभिभावकों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय के उप प्राचार्य सुनीता पटेल के द्वारा अभिभावकों का स्वागत किया गया। उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुये विद्यालय के निदेशक अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि बदलते परिवेश में अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिये आपको हर हालत में उनके लिये समय निकालना पड़ेगा। समय-समय पर अपने बच्चों की निगरानी करनी पड़ेगी, क्योंकि आज की विषम परिस्थिति में बच्चे बनने के बदले गलत रास्ते पर ज्यादा भटक रहे हैं। अभिभावक और शिक्षक का यह कर्तव्य है कि बच्चों को मुख्यधारा से जोड़कर रखें और पठन-पाठन से उनका रिश्ता बना रहे। खास कर अपने बच्चों की संगति पर विशेष नजर रखने की जरूरत है क्योंकि जो बच्चे ज्यादा स्वतंत्र रहते हैं उन्हें बिगड़ने और गलत रास्ते पर जाने का ज्यादा चांस रहता है। इसलिये आप अपने बच्चों पर नजर बनाये रखें। विद्यालय द्वारा बुलाये जाने पर समय-समय पर बैठकों में आने का समय अवश्य निकालें, इससे आपके बच्चे का भविष्य सुधरेगा। अभिभावकों द्वारा भी यह आश्वासन दिया गया की विद्यालय छात्रहित में जो भी कदम उठायेगा उनका वे स्वागत करेंगे। ब्राईट फ्यूचर स्कूल का समय-समय पर यह बैठक अच्छा है इसका निरंतर आयोजन होते रहना चाहिये। बैठक के बाद एफए 4 के परीक्षाफल का भी वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के शिक्षकों में मधुबाला पाठक, सत्येंद्र पांडेय, मुमताज आलम, रामलाल यादव, अनुपमा प्रसाद, सुजीता कुमारी, नाहिद सबा, पूनम शर्मा, बिंदु कुमारी, रोजी परवीन, राजीव श्रीवास्तव मुस्कान परवीन, रूपा गुप्ता, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीएवी में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन

**बंशीधर न्यूज**




**गढ़वा :** झालसा रांची के तत्वावधान में रविवार को झारखंड के 72 डीएवी विद्यालयों में जस्टिस सह कार्यपालक सेक्रेटरी सुजीत नारायण प्रसाद ने लीगल लिटरेसी क्लब का ऑनलाईन उद्घाटन किया। जिसके बाद शहर के डीएवी विद्यालय फरठिया में जुडिशल मजिस्ट्रेट अभिनव कुमार त्रिपाठी ने लीगल लिटरेसी क्लास का उद्घाटन किया। मौके पर मजिस्ट्रेट श्री त्रिपाठी ने बताया कि इसका उद्देश्य विद्यालय के बच्चों को पठन पाठन के साथ कानूनी रूप से अवेयर करना है। ताकि गांव, समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की किरण पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि बच्चे अगर जागरूक हो जाएंगे तो कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित नहीं रहेगा। गांव समाज में अधिकांश लोग के अशिक्षित रहने के कारण ही समाज में बाल विवाह, बाल मजदूरी, डायन भूत जैसे कई अवधारणाएं एवं कुरीतिया फैली हुई है। जिससे निकालने में बच्चे ही असली मददगार साबित होंगे। ईश्वर तो मनुष्य का निर्माण करते हैं, लेकिन मानवता का मिसाल माननीय नालसा, झालसा एवं डीएलएसए के द्वारा किया जाता है। मौके पर एलएडीसीएस डिप्टी चीफ एनएन दुबे, मेडिएटर प्रेमचंद त्रिपाठी, पीएलवी कृष्णानंद दुबे, मुरली श्याम तिवारी, अरविंद तिवारी, रमाशंकर चौबे, सूर्यदेव चौधरी, राम कुमार राम, प्रमोद कुमार दुबे, राजेश कुमार, विकास कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश सिन्हा सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

## धर्म रक्षा वाहिनी की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**गढ़वा :** धर्म रक्षा वाहिनी जिला गढ़वा के पदाधिकारियों की बैठक रविवार को श्री कृष्ण गौशाला परिसर में की गई। बैठक में गौशाला समिति गढ़वा की रैयती भूमि पर निरंतर नगर परिषद गढ़वा द्वारा पुलिस बल का प्रयोग कर जबरन विभिन्न प्रकार के किये जा रहे निर्माण कार्यों की निंदा की गई। इस दौरान अन्य सनातनी हिन्दू की समस्याओं से जुड़ी चीजों के बारे में एक मांग पत्र गढ़वा अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया। साथ ही 16 मार्च को श्री कृष्ण गौशाला परिसर में प्रातः साढ़े ग्यारह बजे से हिन्दू समाज की एक बैठक करने का निर्णय लिया गया। जिसमें संगठनात्मक विषयों पर एवं हिन्दू समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर निर्णय लिये जाएंगे। बैठक की अध्यक्षता रमेश कुमार दीपक एवं संचालन सचिव कौशल कांत कुमार ने की। बैठक में उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, महेंद्र राम, मृत्युंजय शौंडिक, शंकर माली, भोला गुप्ता, राजकुमार कुशवाहा, बिनोद बघेल, अवधेश वर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने अवैध शराब भठ्ठी ध्वस्त कर जावा महुआ किया विनष्ट



**विश्रामपुर :** उंटारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे के नेतृत्व में रविवार को अवैध शराब के विरुद्ध चलाये गये अभियान में शराब भठ्ठी को ध्वस्त करते हुये करीब एक क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया है। थाना प्रभारी श्री दुबे ने बताया कि क्षेत्र से मिली सूचना के आधार पर कुल्ही पहाड़ी के निकट अवैध रूप से चलाये जा रहे शराब भठ्ठी को ध्वस्त किया गया। वहीं करीब एक क्विंटल जावा महुआ को भी वहां विनष्ट कर आगे शराब नहीं बनाने की चेतावनी दी गयी। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध जिले के पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आगे भी छापेमारी अभियान जारी रखा जायेगा। ताकि अवैध शराब बनाने व बेचने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा सके।

## बीडीओ ने आवास के लाभुकों को जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश



**विश्रामपुर :** बीडीओ राजीव सिंह ने शनिवार को प्रखंड के गुरी पंचायत में चल रहे अबुआ आवास निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान पंचायत के अन्य विकास कार्यों का भी अवलोकन कर कई दिशा निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि निरीक्षण के दौरान मौके पर न तो रोजगार सेवक उपलब्ध रहे और न ही पंचायत सेवक। उन्होंने उक्त कर्मियों की लापरवाही पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्रवाई करने की बातें कही है। बीडीओ श्री सिंह ने लाभुकों को जल्द ही निर्माण कार्य पूर्ण कराने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भुगतान लेकर समयसीमा के भीतर कार्य पूरा नहीं किये जाने पर लाभुकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने सभी लाभुकों को किसी भी बिचौलियों को एक भी रुपये नहीं देने का के लिये हिदायत किया है। किसी के द्वारा पैसे मांगने पर उसकी सूचना तुरंत देने की भी बातें कही है ताकि उसके विरुद्ध भी कार्रवाई किया जा सके।

## झारखंड कुर्मी महासभा की गढ़वा जिला कार्यसमिति समिति की बैठक

# सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय



**गढ़वा :** झारखंड कुर्मी महासभा जिला इकाई गढ़वा की जिला कार्यसमिति समिति की बैठक चिनियां रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में आयोजित की गई। मौके पर गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में यह बैठक आयोजित किया गया। जो जिले के सभी प्रखंडों में सदस्यता अभियान चलाकर अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर समाज को जोड़कर समाज को मजबूत बनाया जायेगा। जिसके लिये सदस्यता प्रभारी नियुक्त किया गया। खरौंधी में शिवकुमार चौधरी, केतार में मदन पटेल, धुरकी में विनोद कुमार चौधरी, श्री बंशीधर नगर में राजेश्वर चौधरी, रमना में शंकर चौधरी, बिशनपुर में विजय पटेल, गढ़वा में दिलीप चौधरी, सगमा में वीरेंद्र चौधरी, कांडी में पिंटू पटेल, भवनाथपुर में विशाल पटेल को सदस्य प्रभारी बनाया गया है। श्री चौधरी ने बताया कि झारखंड प्रदेश में कुर्मी समाज का आबादी होने के बावजूद भी राजनीतिक रूप से सभी पार्टियों ने छलने का काम किया है। कुर्मी समाज की आबादी लगभग 25 प्रतिषत होने के बावजूद भी झारखंड सरकार में मात्र एक कुर्मी समाज से मंत्री बनाया गया। समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है। अपने हक अधिकार के लिये एकजुट होने की जरूरत है। साथ ही समाज ने निर्णय लिया कि बच्चों को शिक्षा पर जोर देते हुये उनको जागरूक किया जायेगा। दहेज के कारण जिन गरीब बेटियों का समाज के अंदर डोली नहीं उठ पा रहा है उसे भी समय द्वारा शादी कराया जायेगा। जिसका सारा खर्च समाज द्वारा किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ ज्वाला प्रसाद तथा संचालन जिला महासचिव गोरखनाथ चौधरी ने किया। मौके पर विजय पटेल, राजेश्वर चौधरी, मिथिलेश कुमार चौधरी, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश पटेल, शंकर चौधरी, मनीष पटेल, मंटू पटेल, मदन पटेल, मुन्ना चौधरी, विनोद कुमार चौधरी, नागेंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

